




# '' राह बनी एक मंजिल ''

इस विद्या मंदिर के 23 वें सत्र में प्रवेश करने पर मैं हर उस व्यक्ति के प्रति कृतज्ञ हूँ जिसने विद्यालय को इस मंजिल तक पहुँचाने में अपना योगदान दिया है । मुझे यह सूचित करते हुए हर्ष होता है कि इन 22 वर्षों में इस विद्यालय ने इन्जीनियरिंग कॉलेज तथा डिग्री कॉलेज की स्थापना तक की यात्रा तय की है ।

हम सभी जानते हैं कि शिक्षा विकास का मूल मंत्र है परन्तु अब इसका व्यवसायीकरण हो गया है । मैं शिक्षा को व्यवसाय नहीं अपितु समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझता हूँ । यह विद्यालय हर उस छात्र को अवसर प्रदान करता है जो साधनहीन है । यहाँ कम शुल्क में योग्य एवम् अनुभवी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षा प्रदान की जाती है । नारी उत्थान के लिए विद्यालय में बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था है । हमारा मुख्य उद्देश्य है कि हम विद्यालय से ऐसे चरित्रवान, संस्कारी, कर्मठ, त्यागी तथा मानवतावादी विद्यार्थी पैदा करें जो अपने परिवार, गाँव, शहर, समाज तथा राष्ट्र के विकास में योगदान प्रदान कर सकें ।

परन्तु यह मंजिल नहीं है । बचपन में रास्ते को मंजिल बनाने का सपना अभी पूरा नहीं हुआ है । मेरा सपना है कि यह विद्या मंदिर एक आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में भारत के नक्शे में अपनी अलग पहचान बनाए । जिसके लिए आप सभी के सहयोग, मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद की आवश्यकता है ।

*"मंजिलों से आगे मंजिलें अभी और भी हैं,*
*ये दौर नहीं आखिरी, दौर अभी और भी हैं।"*

**सुरेश सिंह**
चेयरमैन

# From The Desk of Principal

The B. K. S. Vidya Mandir, Mathura has shown a tremendous growth over the years and has maintained an excellent standard of education. This is only because of the unconditional support of teachers, parents and students. The result of the school has not only achieved excellence in academics but also in the field of extra-curricular activities, sports and in other fields.

School is providing the latest infrastructure which proves to be helpful in improving the standard of education. Success in education depends upon the healthy relations of teachers, students and parents. To ensure it, school organizes parent-teacher meeting atleast once in a month, where we get feedback from the parents which helps us to go ahead with improvements. The school diary must be used as a tool to bring transparency between parents, teachers and students. To get best from the school for your wards, you are advised to keep close contact with school authorities. I shall further request the parents to see the diary regularly and sign it everyday so that you may keep yourself update about the performance of your ward. Remarks given by the teachers should be given due attention.

If it is observed that your ward is not showing the desired progress, you please feel free to talk to PRO or Principal. As we know one is not born a genius, one becomes genius. This can be done by the joint efforts of the parents, teachers and the healthy coordination among them.

I believe in the words of Robert Frost who says,

**"Woods are lovely dark and deep, I have promises to keep,**
**Miles to go before I sleep, and Miles to go before I sleep".**

With warm regards,

## Introduction




Baba Kadhera Singh Vidya Mandir was established in April 1998 to liberate the students of the rural areas, who were deprived of quality education, from the curse of educational backwardness. The wide and far-sighted vision of Shri Suresh Singh was materialized. The way to development emerged from the talisman of education. The making of healthy & matured personality was started which subsequently will make healthy society, village & nation. Started with 600 students, the young sapling of school, has now grown as a large banyan tree which is spreading the light of knowledge in all directions. Affiliated to CBSE, New Delhi, the school is providing 10+2 education in three streams - science, commerce & humanities. This residential school has the strength of 3000 students out of which 600 students are residing in hostels & getting education. In a very short period of time, this school has made progress beyond the hope. Many students are selected every year in various fields such as medical, engineering, C.A., airforce, army, navy, police, paramilitary, forces, etc. beside 100% results in 10th & 12th board examinations. Every year students in large number come from Uttarakhand, Uttar Pradesh, Rajasthan, Bihar, Haryana & Delhi to get admission here. Situated at the green base of Goverdhan Dham, this school is spread over 50 acres of land.

## Purpose



1 The main purpose of the school is to provide value-based education to the students so that by being educationally, mentally, physically & spiritually strong, they can face the challenges of life successfully.
2 The students are trained in such a way that a sense of independence and confidence develop in them.
3 The students are made strong physically and mentally so that they may face adverse circumstances with courage.
4 To develop a sense of faithfulness, patriotism, individualism and collective responsibility in the students so that they may lead the society by living a purposeful life as honest and aware citizens of India.

# परिचय




उत्तम शिक्षा से वंचित ग्रामीण क्षेत्र के छात्र – छात्राओं को शैक्षिक पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्त करने के लिए बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर की स्थापना अप्रैल १९९८ में की गई। श्री सुरेश सिंह जी की व्यापक और दूरदर्शी परिकल्पना साकार हुई। शिक्षा के मूल मंत्र से विकास की राह प्रस्फुटित हुई, स्वस्थ परिपक्व व्यक्तित्व के निर्माण का बीजारोपण शुरू हो गया। जो कालान्तर में स्वस्थ समाज, स्वस्थ गाँव और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करेगा। ६०० विद्यार्थियों से शुरू हुआ विद्यालय रूपी नन्हा पौधा आज विशाल वट वृक्ष बनकर ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र बिखेर रहा है। सी.बी. एस. ई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त इस विद्यालय में आज १० + २ तक विज्ञान, वाणिज्य तथा कला विषयों की पढ़ाई हो रही है ।३००० बच्चों की क्षमता वाले इस आवासीय विद्यालय में ६०० बच्चे छात्रावास में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं ।बहुत कम समय में इस विद्यालय ने आशातीत उन्नति की है ।प्रतिवर्ष दसवीं और बारहवीं के १०० प्रतिशत परिणाम के अतिरिक्त मेडिकल, इंजीनियरिंग, सी.ए, एयरफोर्स, आर्मी, नेवी, पुलिस, पैरामिलिटरी फोर्स (अर्धसैनिक बल) इत्यादि क्षेत्रों में कई छात्र – छात्राओं का चयन होता है। उ. प्र., उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, हरियाणा एवं दिल्ली से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में बच्चे प्रवेश लेने आते हैं। गोवर्धन धाम की हरी – भरी तलहटी में स्थित यह विद्यालय ५० एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है ।


# उद्देश्य



१. विद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्र – छात्राओं को मूल्यनिहित शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे शैक्षिक, मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रबल बनकर जीवन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें ।
२. विद्यार्थियों को इस तरह प्रशिक्षित करना जिससे उनमें आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास की भावना का विकास हो ।
३. विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रबल करना ताकि वे किसी भी समाज में रहकर विषम परिस्थितियों का सामना साहस और हिम्मत के साथ कर सकें ।
४. छात्र – छात्राओं में वफादारी, देशभक्ति, व्यक्तिगत और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना जिससे वे भारत के ईमानदार और जागरूक नागरिक के रूप में उद्देश्य पूर्ण जीवन जीकर समाज का नेतृत्व कर सकें ।

## Location & Atmosphere

The school is situated in the pollution-free & clean atmosphere in the lap of lush green nature. It is located 28 KM west from the holy city Mathura and 7 KM south from Goverdhan Dham. Location map is available at the last page of this prospectus.



## Aim

The aim of the school is 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' (Lead me from darkness to light). Devotee is praying to God, O God ! grant me power, intelligence and knowledge so that victory may be achieved by the light of knowledge over the darkness of ignorance, superstition and evils.



## Management

Baba Kadhera Singh Vidya Mandir is managed by "Gram Vikash Kalyan Sansthan" Akkha (Sonkh), Mathura, UP. This is a non-government social organization registered under Society Registration Act-1860. The main aim of the Sansthan is the over all development of the backward & rural areas through charitable activities so that the people from the backward and remote areas may get the benefit of modern scientific achievements by entering the main stream of development. The establishment of the school is a milestone in its educational programme. The renowned dignitaries of our country are the members of the " Gram Vikas Kalyan Sansthan" and the School Management Committee.







## लोकेशन और वातावरण

विद्यालय प्रकृति की हरी – भरी गोद में प्रदूषण रहित साफ–स्वच्छ वातावरण में स्थित है। यह पवित्र नगरी मथुरा से 28 कि. मी. पश्चिम तथा गोवर्धन धाम से 7 कि.मी. दक्षिण में स्थित है। विद्यालय का लोकेशन मैप (अवस्थिति मानचित्र) विवरणिका के अंत में दिया गया है।



## लक्ष्य

विद्यालय का लक्ष्य है – ''तमसो मा ज्योतिर्गमय'' अर्थात मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो । याचक की प्रभु से प्रार्थना है कि हे प्रभु ! आप हमें बल, बुद्धि, विद्या प्रदान करें ताकि अज्ञानता, अंधविश्वास और बुराइयों के अंधकार पर ज्ञान के प्रकाश से विजय प्राप्त कर सकें ।



## प्रबंधन

बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर 'ग्राम विकास कल्याण संस्थान', अक्खा, जिला मथुरा द्वारा संचालित है । यह एक गैर सरकारी समाज सेवी संगठन है तथा सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य परोपकारी (चैरिटेबिल) गतिविधियों द्वारा पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र का चहुँमुखी विकास करना है ताकि पिछड़े और दूरवर्ती क्षेत्र के लोग भी विकास की मुख्य धारा में शामिल होकर आधुनिक वैज्ञानिक उपलब्धियों का लाभ उठा सकें । विद्यालय की स्थापना इसके शैक्षणिक कार्यक्रम में एक ठोस कदम है । देश की जानी मानी हस्तियाँ विद्यालय प्रबंध समिति तथा 'ग्राम विकास कल्याण संस्थान' के सदस्य हैं ।





## Academic

In the different classes of the school, subjects are taught under CBSE Curriculum:

**Classes 1 to 5 :** English, Hindi, Mathematics, Science, General Knowledge, Physical Education, Moral & Spiritual Education, Music, Art, Environmental Studies, Computer.

**Classes 6 to 8 :** English, Hindi, Sanskrit, Mathematics, Social Science, Science & Technology, Environmental Studies, Computer, General Knowledge, Physical Education, Moral & Spiritual Education, Music, Art.

**Classes 9 to 10:** English, Hindi/Sanskrit, Mathematics, General Science, Science and Technology, Computer, General Knowledge, Physical Education, Spiritual Education, Music, Art, Environmental Studies, Work Experience.

**Classes 11 to 12**

**Science Stream-** English Core, Physics, Chemistry, Biology, Mathematics, Computer, Physical Education, Music.

**Commerce Stream-** English Core, Business Studies, Accountancy, Economics, Informatics Practices, Physical Education, Music.

**Humanities-** English Core, Hindi, History, Geography, Informatics Practices, Physical Education, Music.

The medium of instruction in the school is English so special emphasis is made on speaking English fluently. Hindi, Sanskrit, Physical Education, Art, Yoga & Meditation are also given due importance.







## Academic Progress

Homework is assigned in different subjects beside regular teaching in the classes. This home-work is assigned to day scholars to do at home and to boarders to do in the remedial classes. After completion of each unit, the progress report of the student is given to the Guardian. Efficiency is maintained sincerely.



# शैक्षणिक

विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में सी. बी. एस. ई पाठ्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों का अध्ययन–अध्यापन होता है ।

**कक्षा 1 से 5** ऑंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, शारीरिक शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, संगीत, कला, पर्यावरण अध्ययन, कम्प्यूटर।

**कक्षा 6 से 8** ऑंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर्यावरण अध्ययन, कम्प्यूटर, सामान्य ज्ञान, शारीरिक शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, संगीत, कला।

**कक्षों 9 से 10** ऑंग्रेजी, हिंदी/संस्कृत, गणित, सामान्य विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर, सामान्य ज्ञान, शारीरिक शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, संगीत, कला, पर्यावरण अध्ययन, कार्य अनुभव।

कक्षा 11 से 12

**विज्ञान संकाय –** ऑंग्रेजी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, कम्प्यूटर, शारीरिक शिक्षा, संगीत।

**वाणिज्य संकाय –** ऑंग्रेजी, व्यवसायिक अध्ययन, लेखांकन, अर्थशास्त्र, इन्फोर्मेटिक्स प्रेक्टिसिज/ शारीरिक शिक्षा, संगीत।

**कला संकाय –** ऑंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, भूगोल, इन्फोर्मेटिक्स प्रेक्टिसिज/शारीरिक शिक्षा, संगीत।

विद्यालय में अध्यापन का माध्यम ऑंग्रेजी है इसलिए यहाँ धारा प्रवाह ऑंग्रेजी बोलने पर विशेष बल दिया जाता है । हिंदी, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, कला, योग और ध्यान को भी समान महत्व दिया जाता है ।









# शैक्षणिक प्रगति

विद्यालय में नियमित कक्षा कार्य के अलावा विभिन्न विषयों में गृहकार्य दिया जाता है । यह गृहकार्य छात्रावास के छात्रों से सुधारात्मक कक्षाओं में तथा अन्य छात्रों के लिए घर से करने के लिए दिया जाता है । प्रत्येक चरण के अंत में छात्र की प्रगति रिपोर्ट अभिभावक को प्रदान की जाती है । कार्य कुशलता को पूर्ण गंभीरता से लिया जाता है ।

## Examination and Evaluation Procedure

The examination and evaluation procedure of the school is completely designed by Central Board of Secondary Education (CBSE), New Delhi.

Pre-Board Examinations of 10th & 12th classes are also conducted as an extra examinations.

## Hostel

The school is providing comfortable hostel life to 600 students in its well-furnished hostel (separate hostels for girls, junior & senior students). The hostels seem the temples of affection due to personal care of students, intimacy of the employees and affectionate atmosphere. Every hosteller has been allotted one separate almirah to keep his/her belongings. Every bed room is attached with modern toilet facilities.

The main aim of the residential school is to provide value-based & cultured education to the students. In the school, both the teachers and the students make the maximum utilization of time to make the highest records of success. Every activity of the students is done under the supervision of teachers. Teachers, Wardens House Masters, Floor In-charges & other concerned persons always provide required help and guidance for the development of the students.





## Dining Hall

The school has a well-furnished A.C. Dining Hall for hygenic and balanced meal. The hostellers are given Proper & Healthy Meal including milk at night. In order to maintain nutrition of the balanced diet, refreshment is given with fresh fruits. In the menu, different fresh vegetables and other dishes are included. Food is completely vegetarian and is cooked in completely hygienic Kitchen. Cleanliness, hygiene and quality of the mess is checked regularly by the medical officer of the school. The Food is same for the Chairman, the members of School Management Committee , Principal, Teachers and the students and all of them take food together in the mess. Under the leadership of the Principal, a committee of students and teachers has been formed to supervise food and related matters



# परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति

विद्यालय की परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली पूर्ण रूप से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (CBSE) द्वारा निर्धारित मूल्यांकन पर आधारित है ।

दसवीं व बारहवीं की प्री–बोर्ड परीक्षा के रूप में अतिरिक्त परीक्षा होती है।



# छात्रावास

विद्यालय 600 छात्र और छात्राओं को सुसज्जित एवं आरामदायक छात्रावास जीवन प्रदान करता है । छात्रावास बच्चों की व्यक्तिगत देखभाल, कर्मचारियों की अपनत्व की भावना तथा सौहार्द्र पूर्ण वातावरण के कारण वात्सल्य और ममता का मंदिर नजर आता है । छात्रावास के प्रत्येक छात्र को जरूरी सामान रखने के लिए एक अलमारी दी गई है । प्रत्येक शयन कक्ष के साथ आधुनिक प्रसाधन सुविधाएँ जुड़ी हुई हैं ।



आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मूल्य निहित एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करना है । विद्यालय में विद्यार्थी और शिक्षक दोनों सफलता के उच्च आयाम स्थापित करने के लिए समय का सदुपयोग करते हैं। विद्यार्थी की प्रत्येक गतिविधि शिक्षकों के निरीक्षण में संपन्न होती है । शिक्षक, वार्डन, सदन अध्यक्ष, और सभी संबंधित सदस्य हमेशा बच्चे के उत्थान के लिए आवश्यक मदद और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ।



# भोजन कक्ष

विद्यालय में साफ, स्वच्छ एवं संतुलित आहार हेतु एक सुसज्जित एवं वातानुकूलित भोजन कक्ष है । छात्रावास के विद्यार्थियों को सुबह नाश्ता व दूध, दोपहर एवं शाम को खाना तथा रात को दूध दिया जाता है । संतुलित आहार की पौष्टिकता बनाये रखने के लिए शाम को फलों का अल्पाहार प्रदान किया जाता है । दैनिक भोजन सूची में विभिन्न ताजी सब्जियाँ, दूध और अन्य व्यंजन शामिल हैं । भोजन पूर्णत शाकाहारी होता है । भोजन पूर्ण रूप से साफ सुथरे स्थान पर बनाया जाता है । भोजन कक्ष की सफाई, स्वच्छता और गुणवत्ता का निरीक्षण विद्यालय के चिकित्सा अधिकारी द्वारा समय-समय पर किया जाता है । भोजन कक्ष में विद्यालय के चेयरमैन, प्रबन्ध निदेशक, प्रबन्ध समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी सभी के लिए एक ही भोजन बनाया जाता है तथा सभी एक साथ भोजन कक्ष में भोजन करते हैं । प्राचार्य के नेतृत्व में विद्यार्थियों और शिक्षकों की एक समिति बनाई गई है जो भोजन और उससे संबंधित मामलों पर नजर रखती है ।



## Leave For Hostellers



Except special circumstances & scheduled long & short breaks the hostellers will not be granted leave generally throughout the session. There is a provision for leave only to attend marriage ceremony of real siblings and for that guardians themselves are required to inform before time. The request made by the student himself/herself for granting leave is not entertained.

### Gaushala

To provide pure and nutritious milk to the students, our school owns a private Gaushala.



### Other Facilities

The school provides several facilities and services to the hostellers such as washerman, barber, cobbler, tailor, etc.

### Tuck-shop (Canteen):

To fulfil the daily needs of the students related to stationary, toiletries etc, the school has a tuck-shop where requirments can be fullfilled.



### Hostellers - Parents Communication

After getting permission from the Wardens/House Masters, the students can communicate with their parents.

## Co-Curricular Activities



The whole lot of students has been divided into four different houses (Neelgiri, Aravali, Himalaya & Vindhyachal) in order to develop healthy competition and sense of fraternity among the students. The purpose of House formation is to develop a passion for victory through healthy competition and a spirit to lead by defeating fellow participants in different physical & cultural activities. In each house, teachers are available to help house masters in order to boost the students Mentally, Educationally and Physically. On every Saturday, inter-house competitions, such as, Antakshari, quiz, debate, chorus, solo performances, Hindi-English-Sanskrit poem reciting, hand-writing, essay writing, dance, etc. are organized for overall development of the students.

# छात्रावासीय विद्यार्थियों के लिए अवकाश



निर्धारित छुट्टी और विशेष परिस्थिति को छोड़कर सामान्य रूप से छात्रावासीय विद्यार्थियों के लिए पूरे सत्र में कोई छुट्टी प्रदान नहीं की जाएगी। सगे भाई एवं बहन के विवाह के लिए केवल पाँच दिनों की छुट्टी का प्रावधान है और इसकी सूचना स्वयं अभिभावकों द्वारा समय पर दी जानी होगी । स्वयं विद्यार्थी द्वारा की गई अवकाश की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी ।

# अन्य सुविधाएँ

विद्यालय छात्रावासीय विद्यार्थियों के लिए कई तरह की सुविधाएँ और सेवाएँ प्रदान करता है जैसे – धोबी, नाई, मोची, दर्जी आदि ।

कुछ अन्य सुविधाएँ निम्नलिखित हैं :–

## शुद्ध दूध हेतु गौशाला



विद्यार्थियों को शुद्ध दूध उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय की निजी गौशाला है, जिससे विद्यार्थियों को पौष्टिक दूध मिलता है।

## टकशॉप (कैन्टीन)

विद्यार्थियों की स्टेशनरी तथा प्रसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्यालय में एक टकशॉप है जहाँ जरूरी सामान उचित कीमत पर उपलब्ध है ।

## पी. सी. ओ. सुविधा

वार्डन/सदन अध्यक्ष से अनुमति लेकर विद्यार्थी विद्यालय के पी. सी. ओ से अपने घर पर बात कर सकते हैं ।

# पाठ्य सहगामी क्रियाएँ



विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतियोगिता और भ्रातृत्व भाव का विकास करने के लिए सभी विद्यार्थियों को चार अलग अलग सदनों (नीलगिरि, अरावली, विंध्या, हिमालय) में विभाजित किया गया है । सदन सृजन का उद्देश्य स्वस्थ प्रतियोगिता द्वारा विद्यार्थी में जीत के प्रति जुनून पैदा करना एवं शारीरिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर आगे निकलने की भावना का विकास करना है । प्रत्येक सदन में सदन अध्यक्ष की मदद के लिए कुछ अन्य शिक्षक भी होते हैं जो छात्र की शैक्षिक, मानसिक और शारीरिक विकास की गतिविधियों पर लगातार नजर रखते हैं । प्रत्येक शनिवार को अंतर्सदनीय प्रतियोगितायें जैसे अन्ताक्षरी, प्रश्नमंच, वाद–विवाद, समूहगान, एकल अभिनय, हिन्दी–अँग्रेजी–संस्कृत कविता पाठ, सुलेख, निबन्ध लेखन, नृत्य आदि का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य छात्रों की चतुर्मुखी प्रतिभाओं को निखारने में सहायता करना है ।

## Discipline



In the school and hostel, top priority is given to discipline. Discipline means 100% perfection. Apart from the teachers, the students also contribute to maintain discipline in the school and the hostel. For this purpose, the following posts for the students have been formed by the Principal, like School Captain, School Vice-Captain, Sports Captain, Cultural Captain, Administrative Captain, House Captain and House Vice-Captain.

There is a provision to impose fine and punishment if one is found out breaking the same.

## Sports & Physical Education



For the proper management of sports and physical education, experienced and trained PETs have been appointed. There is a 14 acres play ground inside the campus where hockey, volleyball, kabaddi, kho-kho, cricket, basketball, etc. are played Indoor games such as carrom, chess, badminton, table tennis, etc. are also played in the campus. There is a special and separate arrangement for morning exercise and evening games for the hostellers.

**Archery** has been a part of our institution since many years.

## N.C.C. Training



NCC training duly approved by the Director General NCC, Ministry of Defence, forms an integral part of the school curriculum, Senior Army Officers and Junior Commissioned Officers conduct NCC Training regularly in our school campus.

## Educational Tour



In the month of October-November, the school organizes educational tour for the desirous students through which the students get knowledge by visiting the places of historical, geographical, political, cultural & strategic importance. During these tours, they are introduced to personalities so that the students can learn from them and can achieve heights in their lives like them.

## अनुशासन

विद्यालय और छात्रावास दोनों में अनुशासन को सर्वोपरि प्राथमिकता दी जाती है । अनुशासन का अर्थ है – 'संपूर्णता, 100 प्रतिशत पूर्ण' । शिक्षकों के अलावा विद्यार्थी भी अनुशासन बनाए रखने में योगदान देते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों में से निम्नलिखित पद प्राचार्य द्वारा सृजित किये गये हैं –

विद्यालय कप्तान, उपकप्तान, खेलकूद कप्तान, सांस्कृतिक कप्तान, प्रशासनिक कप्तान, सदन कप्तान एवं उप कप्तान ।

विद्यालय में किसी भी तरह के अनुशासन भंग होने पर दंडकार्ड और आर्थिक जुर्माने के रूप में सजा का प्रावधान है ।



## खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा

खेलकूद व शारीरिक शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए अनुभवी व प्रशिक्षित P.T.I. नियुक्त किए गए हैं । विद्यालय भवन से लगा हुआ 14 एकड़ भूमि पर फैला हुआ क्रीड़ा स्थल है, जहाँ हॉकी, वॉलीबाल, कबड्डी, खोखो, क्रिकेट, बास्केटबाल, बैडमिन्टन आदि खेलों की व्यवस्था है । कैरम, शतरंज, टेबिल टेनिस आदि इन्डोर खेलों की भी व्यवस्था है । छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के प्रातः कालीन व्यायाम व सायंकालीन खेलों की अलग से व्यवस्था है ।

## शैक्षणिक भ्रमण

विद्यालय प्रति वर्ष अक्टूबर–नवम्बर माह में इच्छुक विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन करता है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, भौगोलिक, राजनैतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामरिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराकर ज्ञानार्जन कराया जाता है । शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उच्चपदासीन विभूतियों से भी मिलवाया जाता है ताकि विद्यार्थी उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में ऊँचाइयों को हासिल कर सकें । हमारे विद्यार्थी अब तक महामहिम राष्ट्रपति, विभिन्न राज्यों के महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्रियों एवं अन्य हस्तियों से मिलकर प्रेरणा ग्रहण कर चुके हैं ।







## Computer Education

Computer education is compulsory for every student. The school has Two ultra modern computer laboratories with adequate numbers of computers. By computer education, students are given knowledge of different areas related to computer. Apart from syllabus focus is made to provide professional efficiency related to computer. Teaching & internet surfing, printing, designing, etc. is done in a very interesting manner.



## Smart Classes

There are smart classes available in the school and the students are taught in these classes with the help of modern teaching aids so that the students may get more knowledge within short time.



## Visitors & Visiting Rules

1. The parents/relatives/guardians may meet their ward who is living in the hostel only on the fixed meeting day. The relatives or guardians whose complete details have already been given in the school office at the time of admission may visit the school and meet the child.
2. The parents of the day scholar students can meet the chairman or the Principal from 10.00 am to 01.00 PM on working days.



## Medical & Health Facilities

There is Medical Room in the campus in which a medical officer with his assistants is available all the time to provide his services to the students. Medical check-up of the students is done regularly. In emergency there is an ambulance to get the students to the nearest hospital. Generally medical facility is free for the students but in special cases, the parents/guardians will have to afford the expenses of medicines.



## कम्प्यूटर शिक्षा

कम्प्यूटर शिक्षा प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है । विद्यालय में दो अति आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशालाएँ हैं। कम्प्यूटर शिक्षा द्वारा विद्यार्थियों को कम्प्यूटर से जुड़े अलग-अलग क्षेत्रों का ज्ञान प्रदान किया जाता है । पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विद्यार्थियों को कम्प्यूटर से संबंधित व्यावसायिक निपुणता पर भी बल दिया जाता है । इंटरनेट सर्फिंग, प्रिंटिंग, डिजाइनिंग आदि का अध्यापन रोचक तरीके से कराया जाता है ।



## स्मार्ट क्लासेज

विद्यालय में विभिन्न एजूकेशनल साफ्टवेयर एवं प्रोजेक्टर जैसे आधुनिक शिक्षण उपकरणों के द्वारा अध्ययन-अध्यापन का कार्य होता है ताकि विद्यार्थी अल्प समय में अधिक ज्ञानार्जन कर सके ।



## अभिभावक आगमन

1. छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक/संरक्षक/रिश्तेदार केवल मिलने के निश्चित दिन ही अपने पाल्य से मिल सकते हैं । केवल वही रिश्तेदार और स्थानीय संरक्षक छात्रावासीय विद्यार्थियों से मिल सकते हैं जिनकी पहचान और विवरण प्रवेश के समय विद्यालय कार्यालय में जमा करवाई गई हो ।
2. छात्रावास के अलावा अन्य विद्यार्थियों के अभिभावक चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य से किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मिल सकते हैं ।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक एम. आई. कक्ष है जिसमें एक चिकित्सा अधिकारी एवं एक सहायक सेवा प्रदान करते है । विद्यार्थियों का नियमित चैक अप किया जाता है । आपातकालीन स्थिति में बीमार बच्चों को नजदीकी अस्पताल में पहुँचाने के लिए विद्यालय में एक एम्बुलेंस भी है । सामान्य स्थिति में सभी विद्यार्थियों को यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध है परंतु बीमारी विशेष में दवाइयों का खर्चा अभिभावक को स्वयं वहन करना पड़ेगा ।

## Library



In the school there is an ultra modern well equipped library in which there are more than ten thousand books for the students. Besides books, there are many daily, weekly, monthly & yearly newspapers & magazines available. In the reference cell of the library, there are a lot of books related to general knowledge, dictionary & curriculum. There is a 'Book Bank' available for financially weaker students.

## Laboratory



In the school, there are well equipped laboratories of Physics, Chemistry, Biology, Geography, Accountancy, Computer and Mathematics where students can perform the practicals & boost their theoritical knowledge.

## Cultural Activities



Proper opportunities are provided to make strong cultural views and social life of the students. Cultural activities bring out the hidden talents and qualities of the students and boost their natural interests and also make academic work interesting and effective. For making a work perfect, use of heart, brain & hand together is required. Cultural activities increase a sense of co-operation among students. Under cultural activities the students can join any of the following clubs :

Music, drama, science, gardening, electronics, debate, poetry, yoga, computer, speech, hand writing etc.

## Entertainment



For the entertainment of the students there is an entertainment hall in the school in which 500 students can be accommodated. At certain intervals educational and feature films are played by the projector for the entertainment of the students. Sometimes cultural & other entertaining programmes are organized for the students.

## पुस्तकालय

विद्यालय में एक अत्याधुनिक सुसज्जित पुस्तकालय है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए दस हजार से भी अधिक पुस्तकें हैं । पुस्तकों के अलावा अधिकतर दैनिक, साप्ताहिक, मासिक एवं वार्षिक पत्र-पत्रिकाऐं भी उपलब्ध रहती हैं। पुस्तकालय के संदर्भ विभाग में सामान्य ज्ञान, शब्दकोष और पाठ्यक्रम संबंधी पुस्तकें प्रचुर मात्रा में हैं । आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए बुक-बैंक की व्यवस्था है।



## प्रयोगशाला

विद्यालय में प्रायोगिक ज्ञान हेतु भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, भूगोल, लेखांकन, कम्प्यूटर, गणित की सुसज्जित प्रयोगशालाऐं हैं जिनमें विद्यार्थी सैद्धान्तिक ज्ञान को प्रयोग द्वारा प्रमाणित और सत्यापित करते हैं ।



## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

विद्यार्थियों के सांस्कृतिक विचारों और सामाजिक जीवन को सुदृढ़ करने के लिए उचित अवसर प्रदान किए जाते हैं । सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों में छिपे गुण, प्रतिभा और उनकी स्वाभाविक रूचियों को उभारती हैं और शैक्षिक कार्य को भी रोचक और प्रभावशाली बनाती हैं । किसी भी कार्य की संपूर्णता के लिए दिल, दिमाग और हाथ तीनों का साथ - साथ उपयोग होना जरूरी है। सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों में सहयोग की भावना बढ़ती है । सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थी निम्नलिखित क्लब में शामिल हो सकते हैं :-

संगीत, नाट्क, विज्ञान, बागवानी, इलैक्ट्रोनिक्स, वाद - विवाद काव्य पाठ, योग, कम्प्यूटर, रसायन, भाषण कला, सुलेखन कला आदि ।



## मनोरंजन

विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए विद्यालय में एक मनोरंजन कक्ष है जिसमें 500 विद्यार्थी एक साथ बैठ सकते हैं । विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए निश्चित अंतराल पर शिक्षाप्रद एवं फीचर फिल्में प्रोजेक्टर द्वारा दिखाई जाती हैं । समय समय पर विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक व अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ।



## Admission Procedure



In all standards, admission is granted on the basis of an entrance test conducted by the school. The result of the entrance test is declared just after two days and this result is available on the official website of the school. The result may be known through telephone also.

The admission of a student will be confirmed only when he/she deposits school fees and provides documents such as Counter signed Transfer Certificate, Birth Certificate etc.

The age of the student should not be below six years. The school will accept the Birth Certificate issued only by the Birth-Death Registration office, the Gram Panchayat or the Municipality.

## Fees



The school does not charge tuition fee from the girls, the wards of the Martyrs, SC/ST, BPL and disables. Meritorious students may also get exemption from tuition fee.

Payment to be made by Bank Draft in favour of **Baba Kadhera Singh Vidya Mandir** drawn at State Bank of India or Union Bank of India.

Or **Paid directly online in our accounts as detailed below :**

Account name :
**Baba Kadhera Singh Vidya Mandir**
Bank name : State Bank of India
Branch : Sonkh, Mathura
Account No. : 31478866577
IFSC code : SBIN0011593

Account name :
**Baba Kadhera Singh Vidya Mandir**
Bank name : Union Bank of India
Branch : Nainu Patti, Sonkh, Mathura
Account No. : 655401010050000
IFSC code : UBIN0565547

## School Publication



To develop creativity and innovation among the students, our school publishes an annual magazine titled 'The Vision'. Apart from it, a news bulletin titled 'School News' is also published at certain intervals.

### School in Media:

Our school is always in the lime-light of news papers and news channels for its various curricular, co-curricular & extra-curricular activities and special achievements earned by it.

## प्रवेश का आधार



सभी कक्षाओं में प्रवेश, प्रवेश–परीक्षा के आधार पर होता है । प्रवेश–परीक्षा का परिणाम परीक्षा के दो दिन बाद घोषित कर दिया जाता है । यह परिणाम विद्यालय के सूचना पट्ट तथा विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होता है । परिणाम की जानकारी फोन के द्वारा भी ली जा सकती है ।

किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश तभी मान्य होगा जब विद्यालय शुल्क, पूर्व कक्षा का उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र, प्रतिहस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण–पत्र (Countersigned Transfer Certificate), जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक करार पत्र निश्चित समय पर जमा हो जाए ।



**प्रवेश योग्यता (कक्षा प्रथम)**

1. कक्षा प्रथम में प्रवेश पाने के लिए छात्र की उम्र 6 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए । आयु प्रमाण–पत्र के रूप में जन्म – मृत्यु निबंधन कार्यालय का प्रमाण पत्र या ग्राम पंचायत, नगर पालिका के सरपंच/प्रधान/ चेयरमैन का प्रमाण पत्र मान्य होगा।
2. कक्षा प्रथम में प्रवेश पाने के लिए परीक्षार्थी को हिंदी, अंग्रेजी का अक्षर ज्ञान, अंकों की पहचान तथा स्पष्ट बोली आवश्यक है।

## शुल्क



विद्यालय में लड़कियों, शहीदों के पाल्य, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले तथा विकलांग छात्रों का शिक्षण शुल्क पूर्णतः माफ है । अति प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं का शुल्क माफ करने का भी प्रावधान है ।

## विद्यालय प्रकाशन



छात्रों में रचनात्मकता और सृजनात्मकता का गुण विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय 'The Vision' नामक एक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करता है । इसके अतिरिक्त निश्चित अंतराल पर 'स्कूल न्यूज' नाम से पत्रिका प्रकाशित की जाती है ।

## महाविद्यालय से सम्बन्धित संक्षिप्त जानकारी



बारहवीं के बाद उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए 'ग्राम विकास कल्याण संस्थान' द्वारा 'बाबा कढ़ेरा सिंह डिग्री कॉलेज' की स्थापना की गयी है । इस कालेज के लिए विद्यालय के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विशाल भवन एवं प्रांगण का निर्माण किया गया है । बाबा कढ़ेरा सिंह डिग्री कॉलेज में बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. एम.बी.ए., एम.कॉम. एवं एम एस. सी. की कक्षाएँ संचालित हैं।

## Brief Note on Degree College



To provide higher education to students after 10+2, Baba Kadhera Singh Degree College has been established by Gram Vikas Kalyan Sansthan. For this college, a huge building with ultra-modern facilities has been built and it shares very vast premises with BKSVM. Presently, this college is providing B.A., B.Sc. , B.Com., M.A., M.Sc. , M.Com. etc.

## वाहन व्यवस्था



1. विद्यार्थियों को विद्यालय लाने एवं ले जाने के लिए बस सेवाएँ उपलब्ध हैं। वाहनों का स्टॉपेज सुनिश्चित है। विद्यार्थियों को अपने निकटतम स्टॉपेज पर 5 मिनट पहले पहुँचना होता है।
2. साइकिल से आने वाले छात्र–छात्राओं को विद्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होती है। एक साइकिल पर एक ही छात्र आए। मार्ग अथवा स्टॉपेज पर हुई किसी भी दुर्घटना के लिए स्वयं छात्र/अभिभावक जिम्मेदार होंगे।

## Conveyance



1 Buses are available for pick & drop facility for pick the students. Stoppages are fixed. The students have to report at near by stoppage five minutes before.

2 The students, who come by bicycle, have to take permission before. Only one student should come on one bicycle. The guardians/ parents/ students themselves will be responsible for any mishappenings on the road.

# School Uniform



## Boys

***For Summer :*** Red blue check shirt, grey trouser, grey socks, tie, belt, black leather shoes.

***For Winter :*** Dark blue blazer. grey V-necked full/half sweater, Red blue check shirt, grey trouser, grey socks, tie, belt, black leather shoes.



## Girls

***For Summer :*** Red blue check suit, grey Salwar, grey socks, black leather shoes.

***For Winter :*** Dark blue blazer. grey V-necked full/half sweater, Red blue check suit, grey salwar, grey socks, black leather shoes.



## (Wednesday & Saturday) House uniform

***For Summer :*** House T-shirt, white trouser/lower, white shoes, white socks




## (Wednesday & Saturday ) House uniform

***For Winter :*** Navy blue track suit and house T-shirt, white shoes, white socks

# Salient Features of BKS Vidya Mandir

- Lush green, pollution free campus in 50 acres.
- Evening remedial classes for boarders.
- Emphasis on total personality development.
- Well-equipped Chemistry, Physics, Biology, Maths, Social Science, Language and Computer Labs.
- Well stocked library.
- Separate hostel for boys and girls.
- Separate hostel for board classes ($10^{th}$ and $12^{th}$) students.
- Nutritious vegetarian food / refreshment.
- Indoor and outdoor games.
- Athletics facility.
- Fully A.C. Dinning Hall.
- Affordable and nominal fee structure giving quality education.
- Wide range of sports facilities provided by the school.
- Traditional values with modern approach.
- Curriculum and methodology of teaching as per CBSE, New Delhi guidelines.
- Well-qualified & trained teachers.
- Special emphasis on co-curricular activities.
- No hidden cost during entire academic session.
- Transport facility available from nearby areas (Goverdhan, Sonkh, Aring, Kumher, Jajanpatti, Radhakund etc.)
- Preparing students for All India Secondary School Examination and All India Senior School Certificate Examination(Class $10^{th}$ and $12^{th}$)
- Stress on learning by Practising.
- Competitive Exams.
- Regular Parents-Teachers meeting.
- Milk from School's Gaushala.
- All three streams Science, Commerce and Arts.
- Career Guidance Cell.
- Sanitation & food quality as per modern standards.









# बी.के.एस. विद्या मंदिर की विशिष्टताएँ

- 50 एकड़ में फैला प्रदूषण रहित हरा-भरा प्रांगण
- आवासीय छात्रों हेतु सायंकालीन उपचारात्मक कक्षाएँ
- सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास पर बल
- रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर एवं भाषा की सुव्यवस्थित प्रयोगशालाएँ
- पुस्तकालय में प्रचुर मात्रा में पुस्तको की उपलब्धता
- लड़कियों एवम् लड़कों के लिए पृथक छात्रावास
- बोर्ड कक्षाओं ( 10 एवं12) के छात्रों हेतु पृथक छात्रावास
- पोषक शाकाहारी आहार/अल्पाहार
- इनडोर व आउटडोर खेलों की व्यवस्था
- एथलेटिक्स की सुविधा
- किचिन (रसोईघर) से लगा हुआ विशाल वातानुकूलित भोजन कक्ष
- संतुलित शुल्क संरचना में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- स्कूल द्वारा प्रदत्त खेल सुविधाओं की लम्बी श्रृंखला
- आधुनिक दृष्टिकोण से पारम्परिक मूल्यों का संवर्धन
- सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली के दिशानिर्देशों के अनुरूप पाठ्यक्रम एवम् शिक्षण पद्धति
- सुशिक्षित-प्रशिक्षित अध्यापकगण
- पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों पर विशेष बल
- सम्पूर्ण सत्र के दौरान कोई छिपी लागत नहीं
- नजदीकी क्षेत्रों से आवागमन सुविधा उपलब्ध (गोवर्धन, सौंख, अडींग, कुम्हेर, जाजमपट्टी, राधाकुण्ड, इत्यादि)
- AISSE तथा AISSCE (कक्षा 10 एवं 12) हेतु छात्रों की तैयारी करवाना
- कार्य के द्वारा सीखने पर बल
- मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रतियोगिताओं की अतिरिक्त कोचिंग
- नियमित शिक्षकों अभिभावकों की मीटिंग
- शिष्य-शिक्षकों का आदर्श अनुपात
- विज्ञान, वाणिज्य एवं कला-तीनों संकाय
- कैरियर मार्गदर्शन कक्षाएँ
- भोजन गुणवत्ता एवं साफ-सफाई आधुनिक मानकों के अनुरूप







2
1
3






Welcomes You
Welcomes you
Welcomes you
Welcomes


Baba Kadhera Singh
Vidya Mandir







































(Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 2130414)

# BABA KADHERA SINGH VIDYA MANDIR

## SENIOR SECONDARY RESIDENTIAL SCHOOL

AKKHA (GOVERDHAN - SONKH MARG) MATHURA, U.P. INDIA

**Phone No.: 7055021031, 9528012299, 8923974604**

(Affiliated to CBSE Delhi, Affiliation No. 2130414)

Website: www.bksvm.com | email:bksvm@rediffmail.com

*Prospectus*